उप स्वास्थ्य केन्द्र पर मातृस्वास्थ्य संबंधी देखभाल हेतु सचित्र मार्गदर्शिका

जयका / म.प्र. रिप्रोडक्टिव हेल्थ प्रोजेक्ट

www.jicamprhp.org

आमुख

राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन / आर.सी.एच.-2 में उप स्वास्थ्य केन्द्र की कल्पना ऐसे केन्द्र के रूप में की जा रही है जिसमें Presumptive उपचार तथा टीकाकरण सेवाओं के अलावा गुणवत्तापूर्ण प्रसव सुविधा भी उपलब्ध कराई जा सके । इस कल्पना को साकार रूप देने के लिये स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का एस.बी.ए. प्रशिक्षण के द्वारा कौशल विकास किया जा रहा है । प्रशिक्षण पश्चात् महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता कुशलता पूर्वक आवश्यक प्रसूति सेवाऐं, मूलभूत आपातकालीन प्रसूति सेवाऐं तथा आपातकालीन प्रसूति सेवाऐं प्रदान कर सकें। इस लिये आवश्यक है कि संस्थाओं पर न्यूनतम संसाधनों की उपलब्धता रहे, ताकि कार्यकर्ता को सेवाऐं प्रदान करने में सहूलियत हो ।

इस मार्गदर्शिका को दो प्रकार से उपयोग में लाया जा सकता है । पहला- अगर उपस्वास्थ्य केन्द्र से केवल ओ.पी.डी. तथा टीकाकरण की सेवाऐं दी जा रही है तथा दूसरा- साथ ही में प्रसव सुविधाऐं भी उपलब्ध करवानी हैं । दोनों स्थिति में उप स्वास्थ्य केन्द्र पर कौन-कौन से न्यूनतम संसाधनों को आवश्यकता रहेगी, यह इस मार्गदर्शिका में दिया गया है ।

केन्द्र की निरन्तर गुणवत्ता हेतु कार्यकर्ता को कुछ विषयों का पालन करना भी आवश्यक है । अतः गुणवत्ता को बनाए रखने के लिये 5S पद्धति को कैसे उपयोग में लाना चाहिये उसका भी विस्तृत वर्णन दिया गया है ।

किसी भी उपस्वास्थ्य केन्द्र को स्थापित करने के पूर्व आवश्यक है कि उपलब्ध संसाधनों का विस्तृत ब्यौरा बना लिया जाये । अतः प्रत्येक कार्यकर्ता को अपना केन्द्र सुव्यवस्थित करने से पहले मार्गदर्शिका में दिये गये प्रपत्र के आधार पर यह पता लगा लेना चाहिए कि कहां-कहां सुधार की आवश्यकता है । उसके पश्चात् केन्द्र पर व्यवस्था बनाने का कार्य शुरू करें ।

उप स्वास्थ्य केन्द्र पर वर्तमान कार्यक्रम के अन्तर्गत राशि का भी प्रावधान किया गया है जिसका उपयोग कार्यकर्ता केन्द्र की आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु कर सकते हैं ।

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग म.प्र. शासन एवं जाइका म.प्र. प्रजनन स्वास्थ्य परियोजना के संयुक्त प्रयास से इस मार्गदर्शिका को विकसित किया गया है । इस मार्गदर्शिका का उपयोग कर यह आशा की जा रही है कि प्रदेश के प्रत्येक उप स्वास्थ्य केन्द्र पर एक समान एवं उत्तम सुविधाऐं उपलब्ध हों तथा हितग्राहियों को उचित समय पर चिकित्सा सेवाऐं उपलब्ध हो सकें ।

संचालक
लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग
मध्यप्रदेश शासन

उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन 5 एस सिद्धांत

संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन (TQM) निरंतरता के साथ उच्च गुणवत्ता वाली सेवाओं (या उत्पादों) को जानने के लिये एक बहुआयामी तथा सहभागी प्रक्रिया है, जिसके द्वारा सेवादाताओं एवं संस्थानों को बेहतर उत्पादकता की ओर बढाई जा सके।

TQM = **CQI** (कायजन) + 5 S

निरंतर गुणवत्ता सुधार (CQI कायजन) संपूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन हेतु एक समस्या निवारण प्रक्रिया है, जो उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों (सेवाओं) के रूप में उच्च उत्पादकता सुनिश्चित करती है ।

(संदर्भः- प्रो. यूजिरो हांडा का प्रस्तुतिकरण)

1. **सामान छांटना** (Short) : **कार्यस्थल** पर अनुपयोगी सामग्री को हटाना तथा अव्यवस्था में कमी लाना (हटाना)
2. **सुसज्जित करना** (Set) सरल प्रक्रिया हेतु सही क्रम में जमाना (क्रमबद्धता)
3. **सफाई रखना** (Shine): उच्च स्तर की सफाई सुनिश्चित करना (स्वच्छता)
4. **स्तरीकरण** (Standardize): उपरोक्त तीनों S को अपने कार्यस्थल के प्रत्येक विभाग की दिनचर्या में अमल में लाना (मानकीकरण)
5. **सतत प्रयास करना** (Sustain) : कर्मचारियों में अनुशासन रखना एवं उन्हें प्रशिक्षित करना (अनुशासन)

मूल प्रश्न :

प्र.1 क्या कोई अनावश्यक सामग्री हैं ? **(सामान छांटना)**

प्र.2. क्या आवश्यक सामग्री को कमबद्ध तरीके से जमाया गया है जिससे समय का उपयुक्त प्रबंधन हो सके ? **(सुसज्जित करना)**

प्र.3. क्या स्थान, उपकरण एवं यंत्र यथासंभव साफ तरीके से व्यवस्थित रखे गये हैं ? (सफाई रखना)

प्र.4. क्या सभी सेवा प्रदाय स्थलों पर आवश्यक सामग्री उपलब्ध है जिसका रख रखाव एवं उपयोग नियमित किया जाता है ? **(स्तरीकरण)**

प्र.5. क्या सेवा प्रदाता हितग्राहियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदाय करने हेतु अनुशासित है, विशेषतः संप्रेषण कौशल में ? **(सतत प्रयास करना)**

तैयारी का चरण

उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर पर छांटना, जमाना, चमकाना

संदर्भ : प्रो. यूजिरो हांडा का प्रस्तुतीकरण

TQM = Total Quality Management = पूर्ण गुणवत्ता प्रबंधन

CQI (कायजन) = Continuous Quality Improvement = निरन्तर गुणवताा में सुधार

संचालक, परिवार कल्याण, स्वास्थ्य सेवाऐं मध्यप्रदेश द्वारा प्रसारित आदेश कमांक / RCH/MH/08/198/Bhopal dtd.20.08.08

उपस्वास्थ्य केन्द्र पर प्रसव सुविधा हेतु
अभिप्रमाणीकरण प्रपत्र

जिला .... विकास खण्ड .... उपस्वास्थ्य केन्द्र ....

महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता .... पुरूष स्वास्थ्य कार्यकर्ता ....

नजदीकी अस्पताल का नाम ....उपस्वास्थ्य केन्द्र से दूरी (कि.मी.) ....

निरीक्षण दिनांक ....

क्र.		हाँ	नहीं	टिप्पणी
	अधोसंरचना			
1.	ए.एन.एम. को एस.बी.ए. प्रशिक्षण प्राप्त है			
2.	ए.एन.एम. उपस्वास्थ्य केन्द्र के गांव में ही रहती है			
3.	उपस्वास्थ्य केन्द्र का भवन निश्चित मापदण्डों के अनुरूप है (सरकारी भवन अथवा किराए का मकान)			
4.	उपस्वास्थ्य केन्द्र पर निम्न जानकारी अंकित है केन्द्र का नाम कार्यकर्ता का नाम कार्यकर्ता का दौरा कार्यक्रम केन्द्र का मानचित्र केन्द्र पर दी जाने वाली सुविधाएँ			
5.	प्रचार सामग्री व योजनाओं की जानकारी केन्द्र पर प्रदर्शित है			
6.	उपस्वास्थ्य केन्द्र के अंतर्गत सभी ग्रामों की सामान्य जानकारी उपलब्ध है			
7.	भवन की छत प्लास्टर युक्त है रिसाव / टपकाव नहीं है			
8.	दरवाजे / खिड़कियाँ टूटे नहीं हैं शीशे टूटे नहीं है कड़ी, सिटकनी साबुत है रंग रोगन है पर्दे लगे हैं			
9.	भवन की बाहरी एवं अन्दर की दीवारों पर पुताई की गई है			
10.	फर्श पक्का व बिना दरारों का है			
	ओ.पी.डी. सुविधा			
11.	ओ.पी.डी. हेतु निश्चित जगह			
12.	पूसव पूर्व जाँच हेतु निश्चित जगह (जहाँ एकान्त भी हो)			
13.	टीकाकरण हेतु आवश्यक सामग्री			
14.	टॉयलेट चालू हालत में उपलब्ध है			
15.	लिस्ट के अनुसार आवश्यक उपकरण, दवाएँ व फर्नीचर उपलब्ध है (लिस्ट संलग्न)			
16.	केन्द्र पर ओ.पी.डी. हफ्ते में 2 दिन लगती है			
17.	केन्द्र पर निम्न जाँचों की सुविधा उपलब्ध है :– खून, पेशाब (एलब्यूमिन, शुगर, मलेरिया की रक्त पट्टी, प्रगनेन्सी टेस्ट)			

क्र.		हाँ	नहीं	टिप्पणी
	प्रसव सुविधा			
18.	प्रसव हेतु निश्चित जगह (जहाँ एकान्त भी हो)			
19.	प्रसव के बाद माँ व बच्चे के लिए निश्चित जगह			
20.	प्रसव हेतु उपकरण, दवाएँ व फर्नीचर उपलब्ध है। (लिस्ट संलग्न)			
	मूलभूत सुविधाएँ			
21.	बिजली के औपचारिक एवं अनौपचारिक स्त्रोतों की सुविधा है			
22.	संचार व्यवस्था (शासन की ओर से सिम कार्ड आदि)			
23.	पानी की व्यवस्था (टंकी व सबमर्सिबल पम्प)			
24.	जैविक कचरे का निष्पादन डीप बरियल पिट शार्प पिट रंगीन कचरे के डिब्बे			
25.	सफाई कर्मचारी (दाई प्रसव सहायिका)			
26.	दवाइयों हेतु अलमारी अथवा जगह			
27.	रेकार्ड रखने हेतु अलमारी या जगह			
28.	रेकार्ड व रजिस्टर उपलब्ध हैं व समय से भरे जा रहे हैं			
29.	आवश्यक दवाएँ उपलब्ध हैं (लिस्ट संलग्न)			
	रेफरल सुविधा			
30.	आवश्यकता पड़ने पर रेफरल हेतु वाहन उपलब्ध है			
31.	रेफरल हेतु चिन्हित वाहन का पता, टेलीफोन नंबर उपलब्ध है			
32.	रेफरल हेतु चिन्हित अस्पताल की जानकारी कार्यकर्ता के पास उपलब्ध है			

आवश्यक फर्नीचर लिस्ट : एक्जामिनेशन टेबल व पायदान, पलंग व गद्दा/चादर, प्रसव टेबल व पायदान, ड्रिपस्टॅण्ड, सामान्य टेबल, कुर्सी, दवाई हेतु अलमारी, स्क्रीन बेडसाइड टेबल, स्टूल, अलमारी, लॅम्प, पंखे, ट्यूबलाइट, बेसिन व स्टॅण्ड, बाल्टी, मग,रबर/प्लास्टिक शीट, नल वाली पानी की टंकी।

आवश्यक उपकरण लिस्ट : बी.पी. मशीन व आला, बच्चों व बड़ो की वज़न मशीन, खून व पेशाब जॉच हेतु किट मलेरिया जॉच किट, एनीमा केन टॉर्च व सेल, दीवार घड़ी लंबाई नापने हेतु दीवार पर चिन्ह प्रसव किट, किड़नी ट्रे, औजारों की ट्रे व कवर, स्टरलाइजर केथेटर हब कटर, डीफॉल्टर ट्रेकिंग चार्ट, म्यूकस एक्ट्रेक्टर वेक्सीन केरिअर, आइस पैक IUD किट, थर्मामीटर, स्लाइड व बॉक्स ।

आवश्यक सामग्री व दवाएँ लिस्ट : किट ए व बी, एस.बी.ए. किट, वेक्सीन (BCG, DPT, DPV मीजल्स DT, TT व हिपटाइटिस B) पेरासिटेमोल सिरप व गोली, चिपकाने की पट्टी, सेवलॉन घोल, बीटाडीन घोल, गर्भनिरोधक सामग्री (निरोध, खाने की गोली, कॉपर–टी, आपतकालीन गर्भनिरोधक गोली), IV ड्रिप सेट स्पिरिट, गॉज, ग्लव कॉर्ड–टाई/धागा, सेनीटरी पेड, लेन्सेट, डिसपोजेबल सुई, AD सिरिंज, डिसपोजेबल ग्लब)।

•किराए के मकान का मापदण्ड न्यूनतम 3 कमरे :– प्रसव कक्ष (12 X 10) प्रसवपश्चात कक्ष व ओ.पी.डी. कक्ष (10 X 10) टायलेट की सुविधा भवन में ही उपलब्ध है।

निरीक्षण टीम का निर्णय ☐ सत्यापित ☐ असत्यापित

	नाम	पद व हस्ताक्षर
निरीक्षण टीम के सदस्यों के नाम पद एवं हस्ताक्षर	1. ______	______
	2. ______	______
	3. ______	______
	4. ______	______
	5. ______	______

खण्ड – 1

उपस्वास्थ्य केन्द्र पर मातृस्वास्थ्य संबंधी सेवायें प्रदान करना

सामान छांटना

- उपयोगी / अनुपयोगी खोखे
- दवाएँ, जिनकी अवधि समाप्त हो गयी है
- खराब पट्टियाँ इत्यादि
- पंजियां व रिपोर्ट्स (पुराने/नये, प्रयुक्त/अप्रयुक्त)
- उपकरण व सामग्री
- कुंद, अनुपयोगी, पुराने जंग लगे उपकरण
- खराब ब्लडप्रेशर मशीन
- अप्रयुक्त हीमोग्लोबिनोमीटर
- वजन मशीन
- पुराने कंबल, थैले, गद्दे, पॉलिथिलीन बैग/पन्नियाँ
- खराब फर्नीचर
- जिले/ब्लॉक द्वारा प्रदत्त सामग्री
- प्रसार सामग्री

नोट – अनुपयोगी फर्नीचर व एक्सपायर्ड दवाईयों को बी.एम.ओ. से अनुमति लेकर नष्ट कर दें।

सुसज्जित करना

- सुधार कार्य (अनटाइड फंड /बाहरी संसाधनों के उपयोग से) जैसे:
- छत में रिसाव
- दरवाजे/ खिडकियाँ (कुंडियां/शीशे/ताले)
- फर्श
- शौचालय (नल, पानी के कनेक्शन, चालू स्थिति में शौचालय इत्यादि)
- दीवारों में रिसाव
- परीक्षण टेबल की मरम्मत
- उपकरणों व यंत्रों की मरम्मत
- भवन तक पहुंच मार्ग का निर्माण/विकास
- बाड/घेरा और बाडा
- गेट
- पुताई (अनटाइड फंड का उपयोग)
  - अ– इमारत
  - ब– दरवाजे व खिडकियों पर रंग
- दीवार लेखन (अनटाइड फंड का उपयोग) जैसे:
  - उप स्वास्थ्य केन्द्र का नाम परिक्षेत्र, ब्लॉक मुख्यालय से दूर
  - केन्द्र संचालन का समय
  - बहुउद्देश्यीय महिला/पुरूष कार्यकर्ता का नाम
  - अग्रिम भ्रमण कार्यक्रम (माइक्रोप्लान के अनुसार)
  - नक्शा (CHC की दूरी दर्शाता हुआ)
  - विभागीय योजनाओ का वर्णन (उदा. जननी सुरक्षा इत्यादि)
  - केन्द्र पर दी जाने वाली सेवाऐं
  - जननी एक्सप्रेस का दूरभाष क्रमांक
  - ग्राम स्वास्थ्य दिवस
  - सूचना पटल (श्याम पट)
- सामग्री भंडार एवं फर्नीचर की उपलब्धता (परिशिष्ट 1 एवं 2 के अनुसार)

सफाई रखना –

उप स्वास्थ्य केन्द्र के संचालन हेतु न्यूनतम पैकेज के अनुसार उप स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्था

1. उप स्वास्थ्य केन्द्र का बाहरी स्वरूप/नजारा

1–उप स्वास्थ्य केन्द्र की इमारत फाटक सहित एवं सुरक्षा व एकांत हेतु बाड से घेराव
2–उप स्वास्थ्य केन्द्र के मुख्य द्वार पर सुरक्षा कारणों हेतु चेनल गेट
3–उप स्वास्थ्य केन्द्र की इमारत पर कार्यकर्ता का अग्रिम भ्रमण कार्यक्रम लिखा/पुता हुआ
4–उप स्वास्थ्य केन्द्र तक पहुंचने का नक्शा
5–उप स्वास्थ्य केन्द्र का नाम (स्पष्टतः लिखा हुआ)
•शौचालय, बिजली (जनरेटर सहित) तथा अनिवार्यतः 24 घंटे पानी की सुविधा (पंप सहित)
•मैदान में बगीचा/वृक्षारोपण

3. प्रवेश स्थल पर प्रबंध

- मेज
- कुर्सी
- बेंच
- आर.सी.एच. योजना व अन्य कार्यक्रमों के पोस्टर, प्रसार सामग्री (केन्द्र में स्थान की उपलब्धता के अनुसार प्रबंध)

3. कक्ष –2कार्यालय/ओ.पी.डी.

- मेज
- कुर्सी
- बेंच
- जरूरी दवाईयां नाम लिखे डिब्बों में रखी हुई
- पंजियां एवं अभिलेख
- ओ.पी.डी. रजिस्टर
- अलमारी
- दरवाजे/खिडकियों के लिये पर्दे
- प्रकाश व्यवस्था
- पंखे
- घडी

4. MCH कक्ष

भाग – 1

ए.एन.सी. क्लीनिक परीक्षण की जगह के साथ
आड/पर्दा
परीक्षण टेबल स्टूल सहित
वजन मशीन
ऊंचाई तालिका
साइड की मेज
बी.पी. मशीन
स्टेथोस्कोप /आला
यूरिस्टिक
खाली वायल
हीमोग्लोबिनोमीटर रंग पट्टियों सहित
ए.एन.सी./जच्चा बच्चा कार्ड
कचरा पेटी
ए.एन.सी. हेतु 10 सेवाओं वाली तालिका
आयरन/ कैल्शियम की गोलियां
फीटोस्कोप
दीवार घडी
मैकिन्टोश / रबर शीट
दरवाजे / खिडकियों के पर्दे
प्रकाश व्यवस्था
पंखा
मलेरिया परीक्षण हेतु स्लाइड्स
स्टूल
टेस्ट टयूब्स/जांच नली
ऐटीसेप्टिक मल्हम आई.यू.डी. इन्सर्शन सेट
गर्भ परीक्षण किट
आपातकालीन गर्भ निरोधक गोलियां, निरोध

भाग –2

टीकाकरण स्थल
वैक्सीन कैरियर 4 आइस पैक्स सहित
डीफॉल्टर ट्रैकिंग चार्ट
काउंटर फाईल्स
ए.डी. सीरिंज
डिस्पोजिबल सीरिंज
हब कटर
रूई
पैरासिटामॉल की गोलियां
विटामिन ए चम्मच सहित
टीकाकरण एवं ए.एन.सी. संबंधी प्रसार सामग्री
वायल कटर
वैक्सीन डायल्यूएंट सहित
टीकाकरण पंजी
वजन मशीन रंग संकेत वाली
स्प्रिंग वजन मशीन (शिशु)
वजन मशीन
मेज, कुर्सी बेंच
अलमारी
दरवाजे/खिडकियों के लिये पर्दे
प्रकाश व्यवस्था, पंखा
स्टरलाईजर
सेवलॉन

परिशिष्ठ 1

उप स्वास्थ्य केन्द्र हेतु फर्नीचर

क्र	विषयवस्तु	मात्रा	रिमार्क
1.	परीक्षण टेबल गददे सहित	1	
2.	लिखने के लिये टेबल	1	
3.	बिना हत्थे वाली कुर्सी	3	
4.	आड हेतु पर्दा	1	
5.	पैरदान	1	
6.	बेड साइड टेबल	3	
7	स्टूल	5	
8	अलमारी	2	1 दवाईयों तथा 1 सामग्री व अभिलेखो हेतु
9	पंखे	3	केवल उप स्वा.केन्द्र हेतु आवास हेतु नहीं
10	टयूब लाईट	3	
11	बेसिन स्टेंड	1	
12	बाल्टी	2	
13	मग	2	
14	कचरा पेटी	3	
15	मैकिन्टोश/रबर शीट	6	
16	पानी की टंकी	1	
17	प्रकाश व्यवस्था–		
	लालटेन/टार्च/इन्वेटर/ मोमबत्ती + माचिस	कोई भी एक	

परिशिष्ठ 2

उप स्वास्थ्य केन्द्र पर ए.एन.सी. एवं ओ.पी.डी. सेवायें उपलब्ध कराने हेतु उपकरणों की सूची

क्र	विषयवस्तु	मात्रा
1.	हीमोग्लोबिनोमीटर (सहेली)/टालक्विस्ट एच.बी. स्केल /हीमो रंग स्केल	1 यूनिट
2.	यूरिस्टिक्स/डायस्टिक्स या दोनो का संयोजन	1 यूनिट
3	बी.पी. मशीन	1
4.	स्टेथोस्कोप	1
5.	वजन मशीन	1
6.	वजन मशीन रग संकेत, लटकाने वाली (5 कि.)	1
7.	वजन मशीन लटकाने वाली / सॉल्टरस्केल (25 कि.)	1
8.	बैटरी ड्राइ सेल	2
9	स्टर्लाईजेशन बॉक्स	1
10	वैक्सीन कैरियर	2
11	आइस पैक्स	8
12	ए.डी. सीरिंज	आवश्यकतानुसार स्टाक रखे
13	बी.सी.जी सीरिंज	
14	डिस्पोजिबल सीरिंज (2 एम.एल.)	
15	डिस्पोजिबल सीरिंज (5 एम.एल.)	
16	टॉर्च	1
17	फीटोस्कोप	1
18	माइक्रो ग्लास स्लाइडस	100 स्लाइडस का पैकेट
19	डिस्पोजिबल लांसेट	एक बाक्स
20.	स्लाइड बॉक्स	25 स्लाइडस का पैकेट
21	क्लीनिकल थर्मोमीटर (ओरल व रेक्टल)	1 प्रत्येक
22.	रेक ब्लड सेडीमेंटेशन वेस्टग्रेन 6 यूनिट	1

खण्ड – 2

उपस्वास्थ्य केन्द्र पर प्रसव संबंधी देखभाल सेवायें प्रदान करना

उप स्वास्थ्य केन्द्र को ए.एन.सी. जांच के लिये सुसज्जित करने के पश्चात तथा ए.एन.सी क्लिनिक सुचारु रुप से संचालित करने के पश्चात अगर कार्यकर्ता अपने केन्द्र में प्रसव की सुविधा भी उपलब्ध करवाना चाहती है तो उसे केन्द्र पर कुछ व्यवस्थाए अतिरिक्त करनी पडेंगी। जांच हेतु स्थान तो व्सवस्थित कर ही लिया है परन्तु कुछ अतिरिक्त सामान की आवश्यकता भी रहेगी। प्रसव करवाने तथा प्रसव पश्चात महिला को रखने हेतु अतिरिक्त जगह की भी आवश्यकता रहेगी। इन स्थानो को कैसे व्यवस्थित करना है उसे यहाँ दिखाया गया है।

1. जांच का स्थान :

- जांच हेतु पलंग जिस पर गद्दा व चादर हो
- ब्लड प्रेशर मशीन
- स्टेथोस्कोप
- आई.वी.स्टेंड
- फीटोस्कोप
- दस्ताने
- सेवलॉन
- एंटीसेप्टिक मल्हम
- वजन मशीन
- नापने का फीता

2. प्रतीक्षा का स्थान :

1. • रिश्तेदारों के लिये प्रतीक्षा का स्थान
   • स्वास्थ्य कर्मियों के लिये टेबल व कुर्सी
   • संचार सुविधा (लैंडलाईन फोन/मोबाईल)
2. • बिजली के लिये वैकल्पिक व्यवस्था (सौर और /या गैस लालटेन)

3. प्रसव कक्ष :

- डिलीवरी हेतु अलग जगह
- शौचालय जो प्रसव स्थान से लगा हुआ हो
- टेबल के साथ गददा कैलिस पैड, मैकिंटोश व पैरदान
- उपकरण व दवाई की ट्रे
- आवश्यक उपकरण
- पानी की आपूर्ति
- एंगल लैंप/बिना छायावाला लैप/ रिचार्जेबल टॉर्च बैटरी सहित / इमरजेंसी लाईट
- ऑक्सीजन सिलेंडर
- ड्रिप स्टेंड
- बैड पैन
- रंग संकेत वाले कचरादान

4. प्रसव पश्चात स्थान :

- माता व शिशु के लिये अलग जगह
- बिस्तर गद्दे चादर व कंबल सहित (प्रत्येक प्रसूता के लिये एक)
- टाइलयुक्त फर्श , जिसे साफ करना आसान हो

5. स्वच्छता एवं कचरा प्रबंधन :

- केन्द्र की सफाई के लिये व्यक्ति
- टाइलयुक्त फर्श व दीवार – आसान सफाई के लिए
- रंग संकेत वाले कचरादान
- नुकीली वस्तुओं के लिये सुरक्षा बॉक्स
- कचरा निष्पादन के लिये गढढे
- हाथ धोने के दिशानिर्देश का चार्ट

अन्य औपचारिकताऐं :

प्रसूता महिला की अस्पताल से छुट्टी के समय जननी सुरक्षा योजना के भुगतान एवं जन्म प्रमाण पत्र का वितरण

6. प्रयोगशाला की सुविधा :

प्रत्येक उपस्वास्थ्य केन्द्र में मातृ स्वास्थ्य हेतु निम्नलिखित जांचे जरूरी हैं : यह जांचें ए.एन.एम. द्वारा विभिन्न जांच–किट की मदद से आसानी से की जा सकती हैं।

1. हीमोग्लोबिन
2. पेशाब अल्बुमिन व शक्कर के लिये
3. मलेरिया हेतु खून की स्लाइड
4. गर्भावस्था की जांच

Abbreviation

1.	AD	Auto Disable
2.	ANC	Ante Natal Care
3.	ANM	Auxillary Nurse Midwife
4.	BP	Blood Preasure
5.	CQI	Continuous Quality Improvement
6.	Hb	Haemoglobin
7.	IEC	Information Education Communication
8.	IFA	Iron Tolic Acid
9.	IUD	Intra uterine Device
10.	IV	Intra Venous
11.	MCH	Maternal & Child Health
12.	MPW-M/F	Multi People Works Male/Female
13.	NRHM	National Rural Health Mission
14.	OPD	Out Patient Department
15.	RCH	Reproductive and Child Health
16.	SHC	Sub Health Centre
17.	TQM	Total Quality Management
18.	TT	Titanus Toxoid

जयका / म.प्र. रिप्रोडक्टिव हेल्थ प्रोजेक्ट

22, नादिर कालोनी, शामला हिल्स, भोपाल-म.प्र. फोन : +91-755-2661960, फेक्स : +91-755-2661961

www.jicamprhp.org